>

Title: Need to increase the number of hospitals in Gujarat recognized for surgical treatment of patients under Prime Ministers National Relief Fund.

श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): प्रधानमंत्री सहायता कोष से हृदय की शल्यक्रिया या किडनी की शल्यक्रिया हेतु गरीब आदमी को सहायता प्रदान की जाती है। देश के सभी राज्यों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कोष के अंतर्गत लाभार्थियों के इलाज हेतु मान्यता प्राप्त अस्पतालों की संख्या अलग है एवं इनमें काफी अंतर है। कई राज्यों में अच्छी मात्रा में मान्यता प्राप्त अस्पताल हैं जबकि गुजरात जैसे बड़े राज्य में एक ही अस्पताल मान्यता प्राप्त है।

पूरे गुजरात में सिर्फ एक ही अस्पताल इस सूची में सम्मिलित है। मेरा क्षेत्र, सूरत पूरे दक्षिण गुजरात में सबसे विकसित विस्तार में आता है। सबसे बड़े वनवासी क्षेत्र एवं आदिवासी बाहुल्य जिले डांग-उमरगाम-नवसारी से गरीब आदमी सूरत शहर में जाकर शल्यक्रिया करवाने में असमर्थ है। इस स्थिति में अगर प्रधानमंत्री सहायता कोष के अंतर्गत इलाज हेतु मान्यताप्रापत अस्पताल की संख्या बढ़ाई जाये तो ये अस्पताल पूरे दक्षिण गुजरात के गरीबों के लिए बहुत बड़ा आधार बन सकते हैं। मेरी आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी से विनती है कि इस विषय में तत्काल कार्रवाई की जाए और पूरे गुजरात में कम से कम तीन अस्पतालों को मान्यता दी जाए।